दून विश्वविद्यालय, देहरादून

कुलसचिव कार्यालय

No-24/424 I/R-DU-25
Date-15-01-2025

सूचना

विश्वविद्यालय द्वारा नोटिस सं0 400/424(I)/R-DU2/2024 दिनांक 20 जून 2024 के माध्यम से, पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन सं0 131/424(I)/कु.का./2023 दिनांक 22 फरवरी 2023 तथा 777/R-DU/2022 दिनांक 11 नवम्बर 2022 के माध्यम से प्रकाशित भर्ती प्रक्रिया को निरस्त करते हुये सम्बन्धित अभ्यर्थियों को शुल्क वापसी हेतु गूगल फार्म के माध्यम से आवेदन करने हेतु सूचित किया गया था।

1. उक्त के क्रम में शुल्क वापसी हेतु विश्वविद्यालय को कुल 495 आवेदन प्राप्त हुये। जिनमें से 284 अभ्यर्थियों का शुल्क वापस कर दिया गया है। जिनका विवरण दिया जा रहा है।

2. जिन अभ्यर्थियों के शुल्क को बैंक द्वारा अस्वीकृत कर दिया गया है उनका विवरण अपलोड किया गया है।

3. कुछ अभ्यर्थी ऐसे हैं जिन्होंने गूगल फार्म में अपना विवरण, भर्ती आवेदन में दिये गये विवरण के अनुसार नहीं भरा है। गूगल फार्म में अभ्यर्थी द्वारा दी गयी अधिकतर विवरण/सूचनायें विश्वविद्यालय में उपलब्ध उनके मूल आवेदन से मेल नहीं खाने के कारण शुल्क वापस नहीं किया गया। ऐसे अभ्यर्थियों की सूची भी संलग्न है।

उपरोक्त के परिप्रेक्ष्य में सूचित किया जाता है कि क्रम सं0 2 एवं 3 से सम्बन्धित अभ्यर्थी जिनकी सूची वेबसाइट में अपलोड की जा रहीं है, पुनः शुल्क वापसी हेतु अपना आवेदन गूगल फार्म के माध्यम प्रेषित करें। ऐसे समस्त अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपने आवेदन फार्म में दी गयी सूचनाओं के अनुसार ही गूगल फार्म में सूचनायें भरें । यदि ऐसा नहीं होता है तो फिर विवरण का मिलान न होने के कारण शुल्क वापसी का भुगतान नहीं हो पायेगा।

जिन अभ्यर्थियों द्वारा पूर्व में शुल्क वापसी हेतु आवेदन नहीं किया वे भी गुगल फार्म के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अन्तिम तिथि 31 जनवरी 2025 है।

कुलसचिव